Bareilly, Wednesday,
5 July 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण
inext

PAGE NO. 04 : MIDDLE

स्थापना दिवस पर डॉक्टर्स हुए सम्मानित

कार्यक्रम में डॉक्टर्स का किया गया सम्मान.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (4 July): एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज ने मंगलवार को अपना 22वां स्थापना दिवस मनाया गया. ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति ने इस मौके पर बेहतर काम करने वाले डॉक्टर्स को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि सालों पहले रखे गए सपने की आधारशिला को आज 22 वर्ष हो गए है. 4 जुलाई साल 2002 में 50 लोगों की ओपीडी से शुरू हुए इस हॉस्पिटल में आज 2200 से ज्यादा मरीज देखे जा रहे हैं. यह किसी एक की वजह से नहीं, बल्कि पूरी टीम की बदौलत है. यह काम के प्रति आपकी निष्ठा, मेहनत और लगन का परिणाम है.

विश्वास से बढ़ी साख

उन्होंने कहा कि आप सब के परिश्रम से संस्थान की साख बढ़ी और लोगों का विश्वास हासिल हुआ. तभी आज बरेली क्षेत्र के मरीजों के साथ ही कुमायूं, नेपाल, खीरी, हाथरस तक से मरीज यहां इलाज करने आ रहे हैं. स्थापना दिवस समारोह में चेयरमैन देव मूर्ति ने दस चिकित्सकों के प्रमोशन की घोषणा की और उन्हें प्रमोशन लैटर भी दिए. पिछले एक साल में राज्यस्तरीय और राष्ट्रीय कांफ्रेंस के आयोजन के लिए पांच विभागों को प्रशंसा पत्र दिए गए. पिछले एक साल में सर्वोत्तम काम करने के लिए भी पांच विभागों की टीमों को गिफ्ट के साथ सर्टिफिकेट दिया गया.